<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

# इरेडा की सीएसआर पहल: माननीय केंद्रीय मंत्री, श्री प्रल्हाद जोशी ने जगन्नाथ मंदिर में 10 बैटरी चालित वाहनों को हरी झंडी दिखाई






पुरी, 14 नवंबर 2024

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के माननीय केंद्रीय मंत्री, श्री प्रल्हाद जोशी ने आज विद्युत एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के माननीय राज्य मंत्री, श्री श्रीपद येसो नाइक की उपस्थिति में पुरी के श्री जगन्नाथ मंदिर में 10 बैटरी चालित वाहनों को हरी झंडी दिखाई। भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) के सीएसआर कार्यक्रम के तहत इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण के अनुकूल गतिशीलता को बढ़ावा देना और आगंतुकों के लिए पहुँच हेतु सुधार करना है, विशेष रूप से इस प्रतिष्ठित विरासत स्थल पर वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों को लाभ पहुँचाना है।

श्री जोशी ने श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के मुख्य प्रशासक, श्री अरबिंद कुमार पाधी को वाहन की चाबियाँ सौंपते हुए इस सांस्कृतिक स्थलों पर सतत समाधानों के महत्व के बारे में जोर दिया। उन्होंने कहा कि, "इस ऐतिहासिक मंदिर में बैटरी से चलने वाले वाहनों की तैनाती करना हरित ऊर्जा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है और आगंतुकों को एक सुलभ और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन विकल्प प्रदान करती है। इस तरह की सतत सीएसआर परियोजनाओं के लिए इरेडा का समर्थन करना देश के हरित मिशन और महत्वपूर्ण विरासत स्थलों पर आगंतुकों के अनुभव को और अधिक बढ़ाने के लिए उसके अटूट समर्पण को दर्शाता है।"




इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने सतता के प्रति कंपनी के समर्पण को रेखांकित करते हुए कहा कि ,"इरेडा को इन 10 बैटरी चालित वाहनों जैसे पर्यावरण अनुकूल समाधानों के माध्यम से

विरासत स्थलों के विकास करने के लिए योगदान देने का सम्मान मिला है। यह परियोजना जीवन के हरेक क्षेत्र में टिकाऊ और नवीकरणीय ऊर्जा समाधानों को बढ़ावा देने के हमारे मिशन के अनुरूप है और इसका उद्देश्य आगंतुकों के लिए पर्यावरण अनुकूल गतिशीलता विकल्प प्रदान करना है।"

इस समारोह में इरेडा के निदेशक (वित्त), डॉ. बी. के. मोहंती, पुरी के जिला मजिस्ट्रेट, श्री सिद्धार्थ शंकर स्वैन के साथ-साथ नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई), श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन और इरेडा के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे। माननीय केंद्रीय मंत्री, राज्य मंत्री, इरेडा के सीएमडी और एमएनआरई तथा इरेडा के अन्य अधिकारियों ने भी भगवान जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की।




**भारत की हरित यात्रा को मूर्त रूप देना: पुरी बीच पर रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक की श्रद्धांजलि**

इरेडा के सीएमडी, इरेडा के निदेशक (वित्त) और इरेडा के टीम के साथ पुरी बीच पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध रेत कलाकार, सुदर्शन पटनायक द्वारा बनाई गई एक उल्लेखनीय रेत की मूर्ति देखने गए। यह 200 गीगावाट अक्षय ऊर्जा मील का पत्थर पार करने की भारत की उपलब्धि का उत्सव मनाने वाली इस मूर्ति में माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी की छवि और इरेडा तथा एमएनआरई के लोगो शामिल हैं। यह कलाकृति भारत की अक्षय ऊर्जा क्षमता का विस्तार करने और एक सतत ऊर्जा भविष्य की ओर बढ़ने की प्रतिबद्धता के लिए एक रचनात्मक श्रद्धांजलि के रूप में काम करती है।